बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी

पत्रांक-बु.वि./आर.कैंप/2025/5019 दिनांक- 16/01/2025

सेवा में,

प्रबन्धक / प्राचार्य / प्राचार्या /विभागाध्यक्ष/
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/ परिसर,
बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी।

विषयः उत्तर प्रदेश राज्य में अध्यापक शिक्षा के पुनरूद्धार एवं एकीकृत विकास हेतु विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध बी०एड० महाविद्यालय में ई-बी०एड० पाठ्यकम/प्लेटफार्म पर संस्थानों के पंजीकरण के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय के पत्रांक-बु.वि./आर.कैंप./आर.कैंप/4972, दिनांक-27/11/2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से आदेशानुसार आपके विभाग/महाविद्यालय में बी०एड० पाठ्यकम से सम्बन्धित छात्र/छात्राओं को ई-बी०एड० पाठ्यक्रम / प्लेटफार्म/ पोर्टल पर पंजीकृत करने हेतु निर्देशित किया गया है| पंजीकरण के सम्बन्ध में अद्यतन प्रगति निराशाजनक है|

अवगत हैं कि राज्य में अध्यापक शिक्षा के पुनरूद्धार एवं एकीकृत विकास हेतु विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध बी०एड० महाविद्यालय में ई-बी०एड० पाठ्यक्रम / प्लेटफार्म का संचालन किया गया है जिसके सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 09/10/2024 को कार्यशाला का आयोजन कराया गया था। संचालित पोर्टल पर वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2024-25 के छात्र/छात्राओं के पंजीकरण के उपरान्त ही पोर्टल का कियान्वयन संभव होगा। उक्त पोर्टल पर बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के पंजीकरण शुल्क की धनराशि में छूट प्रदान करते हुए रु.48,000/- के स्थान पर रु.24,000/-पंजीकरण शुल्क (One-Time) संस्थान हेतु निर्धारित की गयी है|

अतएव आदेशानुसार अनुरोध है कि आपके विभाग/महाविद्यालय को शीघ्र उल्लिखित पोर्टल पर पंजीकृत करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें। पंजीकरण का लिंक विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ पर उपलब्ध है।

लिंक - https://www.ebed.in/index-signup?form_id=college

भवदीय

(विनय कुमार सिंह)
कुलसचिव

प्रतिलिपि - निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

1. निजी सचिव, कुलपति, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ |

कुलसचिव